डेंगू/मलेरिया रोकथाम के लिए जनजागरूकता जरूरी है

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त देवेश ध्रुव ने विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में सफाई कार्य से लेकर प्रगतिरत सभी निर्माण कार्यों की बारी बारी से अभियंताओं से जानकारी लेते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जोन आयुक्त द्वारा किए जा रहे मॉर्निंग विजिट की समीक्षा करते हुए सफाई के साथ निर्माण कार्य का मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

सभागार में आयोजित बैठक में निगम क्षेत्र के सीवर चेंबर खुला होने पर चर्चा की गई जिस पर आयुक्त ने सभी खुले चेंबर को ढंकने के निर्देश दिए है। जोन 02 के जोन आयुक्त ने बताया कि उनके क्षेत्र में 600 जगह खुला सीवर चेंबर चिन्हांकित किए गए है जिसके लिए ढक्कन तैयार कराया जा रहा है। इसी प्रकार अन्य सभी जोन को भी निर्देश दिए गए। बैठक में सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारी को डेंगू/मलेरिया/पीलिया जैसी संक्रामक रोगों से बचाव के लिए जनजागरूकता लाने हेतु निरंतर कार्य करने कहा। उन्होंने नाली में जला आयल , टेमिफॉस का वितरण, पानी टंकी, कूलर, टायर व अनुपयोगी पात्र सहित जलजमाव वाले स्थानों की सघन जांच करने कहा है ताकि ऐसे बीमारियों से निगम क्षेत्र के नागरिकों को बचाया जा सके। उन्होंने शिविर के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान कार्ड एवं आधार अपडेशन शिविर को जारी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ मिले इस हेतु प्रचार प्रसार किया जावे ।

बैठक में उपायुक्त रमाकांत साहू , नरेन्द्र बंजारे, अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा , डी के वर्मा , संजय बागड़े, जोन आयुक्त खिरोद्र भोई, येशा लहरे, अमिताभ शर्मा, पूजा पिल्ले, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता, एआरओ एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

आयुक्त ने वार्ड 02 एवं 04 में देखी सफाई व्यवस्था -

सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने निगम आयुक्त देवेश ध्रुव मॉर्निंग विजिट में वार्ड पहुंच रहे है , उन्होंने जोन स्वास्थ्य अधिकारी के साथ नेहरू नगर जोन के वार्ड 02 में दीनदयाल कॉलोनी एवं वार्ड 04 में व्यवसायिक क्षेत्र में सफाई कार्य को देखे और रूट चार्ट बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान व्यवसायिक क्षेत्र में अनिवार्य रूप से टवीनबीन रखने और वहां से कचरे की सफाई करने कहा उन्होंने सफाई की समस्या वाले स्थल को चिन्हांकित कर नियमित सफाई करने के निर्देश दिए। वार्ड के नागरिकों से सफाई कार्य का फीडबैक भी लिए जिसमें बैकलाइन में सफाई की समस्या बताने पर उन्होंने प्रतिदिन वार्ड की सफाई के लिए रूट चार्ट तैयार सफाई करने कहा।